# डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय, निम्बाहेड़ा (राज)

## राष्ट्रीय सेवा योजना वार्षिक प्रतिवेदन 2020—21

राष्ट्रीय सेवा योजना के नवीन सत्र् का आरंभ प्रत्येक वर्ष की भांति वृक्षारोपण कार्यक्रम से हुआ, कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय उद्यान एवं परिसर में पौधारोपण कर इनके संरक्षण का दायित्व अपने हाथों में लिया। पौधारोपण के इसी क्रम में 14 सितंबर, 2020 को हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दीपक वर्मा द्वारा मंचासीन अतिथियों को पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। पौधारोपण कार्यक्रम के प्रथम चरण जुलाई, 2020 में 10, द्वितीय चरण अगस्त 2020 में 20 और तृतीय चरण में 100 पौधों का रोपण कर उनकी सुरक्षा का दायित्व एनएसएस की दोनों ईकाईयों द्वारा अपने हाथों में लिया गया। कोरोना के विकट काल में 3 अक्टूबर 2020 को नो मास्क नो एण्ट्री विषय पर आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला में महाविद्यालय में राज्य समन्वयक डॉ. बनय सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कोरोना महामारी से लड़ने हेतु मास्क पहनने, हाथों को सेनेटाइज करने व दो गज की दूरी का पालन करने का आह्वान महाविद्यालय मंच से किया।

2 अक्टूबर, 2020 को महात्मा गांधी के जन्मदिवस पर महाविद्यालय में स्वच्छता की भावना को मजबूत करने तथा कोरोना महामारी के विरूद्ध 1, 2, 20 का पालन करने अर्थात् एक मास्क, दो गज की दूरी तथा समय—समय पर लगातार 20 सेकेण्ड तक हाथ धोने एवं सेनेटाईजर का प्रयोग किए जाने की शपथ भी ली गई। नो मास्क नो एण्ट्री कार्यक्रम के इसी क्रम में 20 अक्टूबर, 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तीन दलों ने कोरोना की रोकथाम हेतु जागरूकता लाने के क्रम में एनएसएस की दोनों ईकाईयों के तीनों दलों ने 20 से 22 अक्टूबर, 2022 तक निम्बाहेड़ा के इश्काबाद एवं आदर्श कॉलोनी में जागरूकता लाने संबंधी कार्य को किया। कोरोना काल में महाविद्यालय में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन नहीं हो पाया एवं अन्य ऑफ लाइन गतिविधियां भी स्थगित रहीं।

8 मार्च 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में महिला दिवस पर स्वयसेवकों ने आत्मरक्षा के तरीके सीखे। महाविद्यालय में शहीद दिवस 23 मार्च, 2021 को ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, इस ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी को प्राचार्य डॉ. नाहर द्वारा बटन दबाकर आरंभ किया गया। ऑनलाइन प्रश्नोतरी निर्माण का कार्य कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दीपक वर्मा द्वारा किया जाकर इसमें शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह, राजगुरू एवं सुखदेव से जुड़े के प्रश्नों का संकलन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया।

अप्रेल, 2021 में जन अनुशासन पखवाड़े में अपनों को जगाना है कोरोना से बचाना है विषय पर चित्रकला, शब्दों का युद्ध कोरोना के विरूद्ध पर स्लोगन एवं स्वयं बचे अपनों को बचाए कोरोना मुक्त राजस्थान बनाए विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें खुशी शर्मा प्रथम, गीताजंली द्वितीय एवं खुशी वैष्णव तृतीय रही, इसी तरह स्लोगन में खुशी शर्मा प्रथम सोनाली द्वितीय एवं पिंकी तृतीय स्थान पर रहीं। निबंध में निशा एवं प्रियंका ने संयुक्त रूप से प्रथम, प्रकाश एवं इशिका अग्रवाल ने द्वितीय एवं आलिया नाज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कोरोना की द्वितीय लहर के बीच में कॉलेज शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों में एवं उनके माध्यम से समाज में जागरूकता लाने हेतु वर्चुएल मोड पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, इसी क्रम में स्थानीय महाविद्यालय में 10 से 15 मई 2021 तक शब्दों का युद्ध कोरोना के विरूद्ध विषय पर ऑनलाइन स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पायल कुमारी सालवी, पुष्कर धाकड़ एवं एवं खुशी शर्मा एवं आलिया नाज ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए।

स्थानीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों ईकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय ने ईच वन टीच इलेवन के विशेष अभियान की शुरूआत मई, 2021 में की, इस कार्यक्रम का उद्देश्य कोरोना के विरूद्ध जागरूकता लाना था। इस संबंध में एक वेबीनार 10 मई 2021 को हुई, इस

वेबीनार में प्राचार्य डॉ. नाहर सहित कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. शिल्पा एवं प्रो. दीपक वर्मा ने स्वयंसेवकों के साथ अपने विचार साझा किए, स्वयंसेवकों ने भी कोरोना के विरूद्ध जागरूकता लाने का संकल्प लिया। वेबीनार में कार्यक्रम अधिकारी द्वारा पावरपाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से अपने विचारों को साझा किया गया। इसके साथ कोरोना महामारी के इलाज के संबंध में उत्पन्न हो रहे मिथकों को भी दूर किया।

5 जून 2021 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के ईच वन टीच इलेवन  एक युद्ध कोरोना के विरूद्ध कोरोना जागरूकता अभियान के अंतर्गत पर्यावरण पर कोविड 1'9 महामारी के प्रभाव एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर वेबीनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ईच वन टीच इलेवन कार्यक्रम की कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दीपक वर्मा द्वारा समीक्षा की गई एवं एक अन्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नागौरी द्वारा कोरोना के दौरान हुए लॉकडाउन से पर्यावरण पर पड़े सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभावों पर पीपीटी प्रजेनटेशन के माध्यम से प्रकाश डाला गया।  21 जून, 2021 को विश्व योग दिवस पर योग के साथ रहे घर पर रहे स्वस्थ रहे की थीम पर एक वेबीनार महाविद्यालय में एनएसएस के तत्वावधान में आयोजित हुई। इस वेबीनार में प्राचार्य डॉ. कमल नाहर द्वारा आध्यात्म से लेकर अष्टांग योग तक यम, नियम, आसन एवं प्राणायाम के माध्यम से शरीर को किस प्रकार निरोगी रखा जा सकता है के बारे में बताया। वेबीनार के प्रेक्टिकल सेशन में स्वयंसेवक महेश ने सूर्य नमस्कार से सर्वांगसम तथा अनुलोम–विलोम, भ्रामरी से कपालभाति तक विभिन्न आसनों एवं प्राणायामों का प्रस्तुतीकरण दिया गया। वेबीनार के अंतिम सत्र में कार्यक्रम अधिकारी ने योग दिवस के महत्व के बारे में बताया और अन्य अधिकारी द्वारा योग और इम्यून सिस्टम पर सकारात्मक प्रभाव तथा इम्युनिटी बढ़ाने के तरीके बताए।

सारांशतः कोरोना जैसे विकट काल में भी ऑनलाइन मोड पर राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों का संचालन होता रहा और एनएसएस अपने वांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल रहा।



महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम



ग्रीन निम्बाहेड़ा कैम्पेन

## अतिथियों को पौधे भेंट कर सम्मान किया



निंबाहेड़ा | राजकीय महाविद्यालय में हिंदी का संवैधानिक पक्ष विषय पर संवाद का आयोजन हुआ। विशिष्ट अतिथि अनिल सोमानी थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. कमल नाहर द्वारा की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग पौधरोपण के तीसरे चरण का प्रारंभ मंच का सम्मान पौधों को भेंट कर किया। कार्यक्रम अधिकारी दीपक वर्मा ने बताया कि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग द्वारा अब तक प्रथम चरण जुलाई में 10, द्विती चरण स्वतंत्रता दिवस पर तथा उपखंड प्रशासन के सहयो से 20 पौधों का रोपण हो चु है।तीसरे चरण तथा इसके 100 पौधों का लक्ष्य है। कार्यक्र में प्रो. प्रवीण जोशी, प्रो. स विजय, डॉ. शिल्पा नागौरी, सुभाष यादव, डॉ. नीलम ने भाग लिया। मुख्य वक्ता राजेन्द्र सिंघवी थे। संचा अरविद मूंदड़ा ने किया।



निंबाहेड़ा. समारोह को संबोधित करते वक्ता।



निंबाहेड़ा | कॉलेज में नो मास्क-नो एंट्री कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।

## जागरुकता पर कॉलेज में हुई प्रतियोगिता




**निम्बाहेड़ा.** राजकीय महाविद्यालय में रासेयो के अंतर्गत कोरोना जागरूकता पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।प्राचार्य डॉ. कमल नाहर ने बताया कि जन अनुशासन पखवाड़े में अपनों को जगाना है, कोरोना से बचाना है विषय पर चित्रकला, शब्दों का युद्ध कोरोना के विरुद्ध पर स्लोगन एवं स्वयं बचे, अपनों को बचाए, कोरोना मुक्त राजस्थान बनाए विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें चित्रकला में खुशी शर्मा प्रथम, गीतांजलि कुमावत द्वितीय तथा खुशी वैष्णव तृतीय, स्लोगन में खुशी शर्मा एवं खुशी वैष्णव ने संयुक्त रूप से प्रथम, सोनाली शर्मा ने द्वितीय तथा पिंकी कुमावत ने तृतीय तथा निबंध में निशा कुमावत एवं प्रियंका धोबी ने संयुक्त रूप से प्रथम, प्रकाश पाटीदार एवं इशिका अग्रवाल ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा आलिया नाज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्रो. इशाक मोहम्मद, डॉ. हस्तीमल कोठारी, जिला समन्वयक प्रो. भगवान साहू चित्रकला, डॉ. देवा राम, डॉ. राजेन्द्र सिंघवी, डॉ. सुभाष यादव स्लोगन व प्रो. सीमा विजय, योगेन्द्रसिंह सेहरा, डॉ. नीलम सेठी निबंध में निर्णायक थे। परिणामों का अंतिम संकलन डॉ. शिल्पा नागौरी द्वारा किया गया। सभी प्रतियोगिताएं राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रो. दीपक वर्मा के निर्देशन में सम्पादित की गई।


पत्रिका
patrika.c
सुखवाड़
सिक्सले
की नर्सरी
कारणों
गई। आग
हुआ है।
पूरी
के साथ
भेंट चढ़
का पता
अचानक
हवा चल
चुकी थी
एक भी
नि
सै
क

## छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए



## ऑनलाइन चित्रकला स्पर्धा में आलिया नाज प्रथम रहीं

निंबाहेड़ा | कोरोना से बचाव के लिए जागरूकता फैलाने के लिए राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन कोरोना चित्रकला प्रतियोगिता हुई। प्राचार्य डॉ. कमल नाहर ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्साह नजर आया। आलिया नाज प्रथम, विशाखा साहू और अर्जुन गिरी गोस्वामी संयुक्त रूप से द्वितीय तथा खुशी वैष्णव एवं खुशी शर्मा संयुक्त रूप से तृतीय रहे। प्रतियोगिता का संचालन प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी प्रो दीपक वर्मा ने किया। डॉ शिल्पा नागौरी ने सहयोग किया।




कार्यक्रम अधिकारी